PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीमंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रैनवाल, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 23 » अंक 7 » जयपुर: 8 नवंबर 2024 से 22 नवंबर 2024 » RNI No : RJHIN/2002/9810 » वार्षिक सहयोग 500 रूपए

जरूरी सूचना

यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।

सम्पर्क करें 9314407796

राज्यपाल ने स्काउट गाइड के 75वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी

राजभवन में स्काउट गाइड झंडे के स्टीकर का लोकार्पण

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राजभवन में भारत स्काउट गाइड के 75 वें स्थापना दिवस की स्मृति पर निर्मित स्टीकर का लोकार्पण किया। उन्होंने इस दौरान स्काउट गाइड संगठन की 75 वर्ष की यात्रा को महत्वपूर्ण बताते हुए सेवा और संकल्प के उद्देश्य से स्थापित इस संगठन से युवाओं को निरंतर प्रेरणा लेते विकसित भारत में योगदान का आह्वान किया। इससे पहले राज्यपाल बागडे को स्काउट गाइड के मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य के नेतृत्व में स्काउट गाइड शिष्टमंडल ने मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया।

राज्यपाल बागड़े ने इनफेस्ट इंडिया 2024 का शुभारंभ किया

युवाओं में नए विचारों और सफलता के लिए जरूरी संसाधनों की समझ की दृष्टि से महत्वपूर्ण है

इनोफेस्ट इंडिया उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए देश में मजबूत माहौल तैयार हो : राज्यपाल

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए देश में एक मजबूत माहौल तैयार किया जाए। इसके अंतर्गत युवाओं में नए विचारों और सफलता के लिए जरूरी संसाधनों की समझ विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से इनोफेस्ट इंडिया जैसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं।

बागडे पोद्दार ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन तथा फेडरेशन ऑफ यूनिकॉर्न स्टार्ट अप्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित इनोफेस्ट इंडिया 2024 में संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकसित भारत 2047 की कल्पना संजोई गई है। इसकी सफलता मानव शक्ति के सुनियोजित उपयोग के साथ राष्ट्र में युवाओं द्वारा नए-नए स्टार्ट अप, उद्यमिता विकास के कार्य अधिकाधिक करने से ही संभव होगी। उन्होंने कहा कि भारत आने वाले समय में पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ष 2027-28 तक भारत के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के साथ तीसरी सबसे बड़ी जीडीपी होने का अनुमान व्यक्त किया है। राज्यपाल ने कहा कि स्टार्ट-अप्स आज के आर्थिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनसे न केवल रोजगार का सृजन होता है बल्कि नये विचारों और प्रौद्योगिकीय नवाचारों के माध्यम से

समाज विकास की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि देश आजाद होने के बाद देश में अनाज की कमी थी परंतु भारत में खाद्य आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयास हुए। आज देश अनाज का सबसे बड़ा निर्यातक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से देश में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, तकनीकी विकास के महती कार्य हुए हैं। उन्होंने बाड़मेर के गांवों में नर्मदा के पानी लाए जाने की चर्चा करते हुए कहा कि विकास में युवा सहभागी बनें। उन्होंने प्राचीन भारत के ज्ञान-विज्ञान की चर्चा करते हुए कहा कि नालंदा देश का ऐसा विश्वविद्यालय था जहां विश्वभर से विद्यार्थी पढ़ने आते थे। इस ज्ञान को समाप्त करने के लिए वहां के पुस्तकालय को आग लगा दी गई। उन्होंने आर्यभट्ट, नागार्जुन की चर्चा करते हुए कहा कि दशमलव की खोज भारत की है। नागार्जुन महान रस शास्त्री हुए। इनसे प्रेरणा लेते हुए युवा देश को आगे बढाएं।

राज्यपाल ने कहा कि नई सोच, नये विचार और नयी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते हुए, हमारे युवा उद्यमी देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने गांव और शहर का भेद मिटाते हुए देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और उद्यमिता के विकास के लिए कार्य करने पर जोर दिया। इससे पहले पोद्दार ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन के आंनद पोद्दार ने इनोफेस्ट इंडिया 2024 के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

जयपुर विकास प्राधिकरण, पीडब्ल्यूडी बैठक

50 करोड़ के कार्य किए स्वीकृत जयपुर के विकास को मिलेगी गति

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशन एवं नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर के सर्वांगीण एवं आधारभूत विकास हेतु विभिन्न विकास कार्य करवाये जा रहे हैं। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में पीडब्ल्यूडी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 50 करोड़ रूपये के कार्य स्वीकृत किये गये, जिससे जयपुर शहर के विकास को गति मिलेगी। जोन-5 में सहकार मार्ग से शिप्रा पथ वाया करतारपुरा, महेश नगर, गोपालपुरा एवं शांति नगर मुख्य सड़क तक आरआरपीएनएल द्वारा किए गए रोडकट की मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य के लिए कार्यांतर 6.05 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन 10 में चो नागोरियान तिराहा से दांतली आरओबी तक मोनेर रोड डीएनपी भाग को छोड़कर के नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 2.87 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-9 में एयरपोर्ट रोड से हल्दी घाटी मार्ग मौसम विभाग रोड को जोड़ने वाली 160 फीट चौड़ी सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य के लिए संशोधित 5.02 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जोन-10 में जेडीए योजना गोविंदपुरा रोपड़ा एवं पहुंच मार्ग हेरिटेज सिटी में मिट्टी भराई कार्य एवं विभिन्न विकास कार्य हेतु 6.68 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

न्यू संगानेर रोड मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से सांगानेर आरओबी तक सड़क चौड़ाईकरण में आने वाली मौजूदा एचटी/एलटी लाइनों को स्थानांतरित करने और हटाने तथा स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य के लिए 7.74 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जगतपुरा आरओबी से सीबीआई फाटक तक नवनिर्मित 160 फीट रोड पर एचटी/एलटी लाइनों, बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मर और पी एंड एफ स्ट्रीट लाइट को स्थानांतरित करने/उखाड़ने के कार्य के लिए 3.68 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जोन-6 में बृज कॉलोनी एस.बी1 बालाजी नगर एस.ग् और लोहा मंडी रोड राइजिंग मेन पर पीएचईडी द्वारा किए गए रोड के मरम्मत कार्य के लिए 8.17 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जोन-12 की विभिन्न कॉलोनियों में जल वितरण पाइपलाइन बिछाने के लिए पीएचईडी द्वारा किए गए रोड कट के नवीनीकरण और मरम्मत कार्य के लिए 5.12 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जोन-11 में पालडी पस्ता 160 फीट से बगरू रीको क्षेत्र तक सडक 100 फीट सडक के नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु 4.69 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

माइंस एवं पेट्रोलियम सेक्टर के राइजिंग राजस्थान प्री-समिट में 63हजार करोड़ रूपए के एमओयू का आदान-प्रदान

नया विकसित राजस्थान बनाने में माइनिंग सेक्टर की प्रमुख भूमिकाएं, देशी-विदेशी निवेशकों का निवेश के लिए आगे आने का आह्वान : मुख्यमंत्री

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के सानिध्य में माइंस एवं पेट्रोलियम विभाग के राइजिंग राजस्थान प्री समिट में 63 हजार 463 करोड रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित और आदान प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में आयोजित एमओयू समारोह में राज्य सरकार की ओर से प्रमुख शासन सचिव माइंस टी रविकान्त व निवेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल और एमओयू करने वाली संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों के बीच करार पत्रों का आदान प्रदान हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने निवेशकों से आगामी 9,10,11 दिसंबर को आयोजित राइजिंग राजस्थान समिट में अधिक से अधिक निवेश प्रस्ताव के साथ आगे आने का आह्वान करते हुए प्रदेश के विकास यात्रा में भागीदार बनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य में औद्योगिक निवेश के अनुकूल वातावरण बनाया गया है इससे प्रदेश की प्रगति, आर्थिक विकास और रोजगार के अवसर विकसित होंगे। शर्मा ने जापान और कोरिया यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि जापान के प्रतिनिधियों ने बताया कि वे राजस्थान में अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं इसी तरह से कोरिया की कोरियन स्टील कंपनी सहित कंपनियों ने भी राजस्थान में निवेश में रुचि दिखाई है। मेरा आग्रह है कि राजस्थान में काम कर रही देशी विदेशी कंपनियां अपने मुनाफे को प्रदेश में ही औद्योगिक विकास के लिए निवेश करें ताकि प्रदेश में निवेश और रोजगार के नए अवसर विकसित हो सके। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य में सोना, चांदी, लेड, जिंक, मार्बल, ग्रेनाइट सहित विभिन्न खनिजों के विपुल भण्डार हैं। सीकर के रींहिल में यूरेनियम के खनन हेतु यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इण्डिया को एलओआई जारी किया गया है वहीं बाड़मेर, जालौर, नागौर आदि में दुर्लभतम खनिज रेयर अर्थ एलिमेंट के भण्डार मिले हैं। हमारी सरकार आरईईई को बढ़ावा देने के लिए सेंटर फॉर एक्सिलेंस स्थापित करने जा रही है। पिछले सात माह में ही 22 मेजर खनिज ब्लॉकों की नीलामी कर हम देश में प्रथम आ गए हैं। उन्होंने कहा कि नई खनिज नीति में खनिजों के खोज कार्य में तेजी लाने खनिज रियायतों का समय पर आवंटन, खनन क्षेत्रों के विकास, खनिज बजरी व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने प्रक्रिया को आसान व पारदर्शी बनाने, खनन क्षेत्र में नवीनतम तकनीक का उपयोग सहित प्रदेश में खनिज क्षेत्र में औद्योगिक निवेश, रोजगार और राजस्व बढ़ाने पर जोर रहा है। शर्मा ने कहा कि राज्य की नई एम सेण्ड नीति में प्रदेश में एम सेण्ड इकाइयों के संचालन में आसानी एवं उत्पादन की दृष्टि से निवेशकों के अनुकूल बनाने के साथ ही निवेशकों को रिफ्त के माध्यम से सहायता और आमजनाशरिकों को बजरी के विकल्प के रुप में एमसेंड की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल है। शर्मा ने कहा कि राज्य में देश के कुल उत्पादन का लगभग 15 प्रतिशत करूड़ ऑयल और प्रतिदिन 3.3 मिलियन घनमीटर प्राकृतिक गैस का उत्पादन हो रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि नया विकसित राजस्थान बनाने में माइनिंग सेक्टर की प्रमुख भूमिका है। राज्य में संपर्क सड़कों के तेजी से विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली मुंबई इण्डस्ट्रियल कोरिडोर क्षेत्र में स्टोन पार्क विकसित करने की संभावनाओं को तलाशा जाएगा ताकि प्रदेश के स्टोन्स को एक ही स्थान पर प्रदर्शित कर देश दुनिया के सामने रखा जा सके। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राजस्थान की विपुल खनिज संपदा की चर्चा करते हुए कहा कि रोडमैप बनाकर आगे बढ़ा जा रहा है। उन्होंने रिफाइनरी की प्रगति, राजस्थान के खनिजों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रमुख सचिव माइंस टी रविकान्त ने स्वागत करते हुए बताया कि प्रदेश के इतिहास में पहला अवसर है जब माइनिंग सेक्टर में निवेशकों ने आगे बढ़कर रुचि दिखाई है। उन्होंने बताया कि आज सहित माइनिंग व पेट्रोलियम सेक्टर में एक लाख 41 हजार 184 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव हस्ताक्षरित हो चुके हैं। आज 63 हजार 463 करोड़ के एमओयू संपन्न हुए हैं वहीं इससे पहले 77 हजार 721 करोड़ रुपये के एमओयू संपन्न हो चुके हैं। टी रविकान्त ने बताया कि आज के प्री समिट की एक खास बात यह है कि प्रदेश में आरईई आदि दुर्लभतम खनिज के क्षेत्र में शोध अनुसंधान, कौशल विकास आदि के लिए आईआईटी मद्रास और कोर सैलिफिकेशन के लिए इंडियन ऑयल के साथ एमओयू किया गया है। इससे प्रदेश में खोज, खनन, रोजगार, राजस्व आदि की नई संभावनाएं विकसित होंगी। आंरभ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रिफाइनरी, पेट्रोलियम, राजस्थान स्टेट गैस, आरएसएमएम और खान विभाग की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मिनरल मार्वल्स ऑफ राजस्थान बिल्डिंग इंडियाज आइकोनिक मोन्यूमेंटस एवं टाइममैस ट्रेसरेस द जियो हेरिटेज ऑफ राजस्थान कॉफी टैबल बुक का विमोचन किया। निवेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने आभार व्यक्त किया।

ब्रहमांड की ज्यामिति क्या है विषय पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के गणित और सांख्यिकी विभाग ने इंडियन वुमन एंड मैथमेटिक्स के सहयोग से ब्रहमांड की ज्यामिति क्या है- विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया। इस व्याख्यान में प्रतिष्ठित गणितज्ञ डॉ राधिका गुप्ता, जो टाटाइंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई में कार्यरतहैं, ने अपने ज्ञान और अनुभव को साझा किया।

ब्रहमांड की संभावित ज्यामितियों में से एक हाइपरबोलिक ज्यामिति की अवधारणा से छात्राओं को परिचय करवाया जो हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न आकृतियों जैसे फ्लॉपी हैट, प्रवाल और ग्रिंगल्स में देखी जा सकती है।

व्याख्यान का उद्देश्य छात्राओं और गणित में रुचि रखने वाले लोगों को ब्रहमांड की ज्यामिति के रहस्यों और विचिधताओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम में गणित विभाग के हेड डॉ सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, सांख्यिकी विभाग की हेड डॉ पूजा चोरडिया, डॉ मीनाक्षी सिंहल, डॉ रजनी गुप्ता, डॉ एकता मित्तल, डॉ मुदिता मेनन, पल्लवी शर्मा, अरुण सोनी और निकुंज शर्मा उपस्थित रहीं।

21 जोड़े का सामुहिक विवाह 12 जनवरी को निर्धन कन्याओं का विवाह निःशुल्क

परिष्कार पत्रिका

अजमेर। हिंद सेवा दल एवं लायंस क्लब अजमेर सिटी द्वारा आगामी 12 जनवरी को सर्वजातीय सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजन किया जा रहा हैं। प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामुहिक विवाह करने के लिए तैयारियां एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। उसी संदर्भ में महावीर सर्किल स्थित बाबाजी की नसियां में आयोजन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम संयोजक एन एल पोखरना ने बताया कि सम्मेलन में 21 जोड़ो का विवाह करने का लक्ष्य रखा गया हैं। दल के अध्यक्ष आर के महावर ने बताया कि सामुहिक विवाह सम्मेलन मे निर्धन कन्याओं एवम् कोरोना काल में जिन बच्चियों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया हो ऐसी युवतियों से पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा। विवाह में घर गृहस्थी में काम आने वाली सभी वस्तुएं कपड़े आदि प्रदान किए जायेंगे।

स्वस्थ व सुखी समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका पर चर्चा

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। परिष्कार पत्रिका जयपुर। पजापिता ब्रहमाकुमारीज के अंतर्राष्ट्रीय हेडक्वार्टर माउंट आबू जहां हर वर्ग के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण के कार्यक्रम निरंतर चलते हैं उसकी ही एक शाखा पीस पैलेस वीकेआई रोड नं 6 जयपुर में भी हर वर्ग की आध्यात्मिक उन्नति अर्थ ज्ञान चर्चा की श्रृंखला प्रारंभ की गई है। जिसके अंतर्गत युवा, मिल्टिरी, धार्मिक प्रमाग के कार्यक्रम कर चुके हैं व अनेको ने इनका लाभ उठाया हैं।

इसे श्रृंखला में रविवार को विशेष पत्रकारों की उन्नति अर्थ एक कार्यक्रम रखा गया जिसमें चर्चा का विषय स्वस्थ व सुखी समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका था। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारीज हेमा बहन ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि तन, मन, धन, संबंध से स्वस्थ होना ही सुखी बनना है। तन को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम आवश्यक है, मन को स्वस्थ रखने के लिए ईश्वर का ध्यान प्रतिदिन आवश्यक है। धन कमाने के साथ-साथ यह देखों कि क्या हमने दुआ भी कमाई या सिर्फ धन। गलत तरीके से आया हुआ धन हमारे घर की सुख और शांति को छीन लेता है इसलिए तरीके से धन कमाए। जब मन और धन ठीक हो गया तो संबंध अपने आप ठीक हो जाएंगे। रामराज्य जिसकी कल्पना की जाती है, वह आना नहीं लाना होगा और हमें नहीं मुझे लाना है।

कुमावत समाज का प्रतिभा समारोह आयोजित

समाज के उत्थान के लिए शिक्षा बहुत जरूरी : पशुपालन मंत्री

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। कुमावत समाज सेवा समिति दांतारामगढ़ के तत्वावधान में 12 वां प्रतिभा सम्मान समारोह जिनियस मेगामाइंड स्कूल, पचार, दांतारामगढ़, सीकर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सरकार में पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत रहे। इस दौरान कुमावत स्मारिका का जोराराम कुमावत सहित आए हुए अतिथियों ने विमोचन किया। कार्यक्रम में पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि कुमावत समाज का सरकारी सेवा में प्रतिनिधित्व बहुत कम है, राजनीति और व्यापारिक क्षेत्र में भी समाज की भागीदारी कम है, इसके लिए समाज को शिक्षित होना बहुत जरूरी है ताकि समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़े। उन्होंने कहा की समाज हित में शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए जिससे समाज शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक अग्रसर हो।

कार्यक्रम में समिति ने आर ए एस में फाइनल ग्रुप से चयनित होने पर इक्यावन हजार रूपए तथा आई ए एस में फाइनल ग्रुप से चयनित होने पर एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार आगामी सम्मान समारोह में देने की घोषणा की। समारोह में कक्षा 10, 12 सातक, सातकोत्तर तथा उच्च शिक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें भविष्य में कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में आए समाज के उच्च पदों पर आसीन पदाधिकारियों आईएएस, आईपीएस, आरएएस, आरटीएस सहित अन्य क्लाओं ने बच्चों को निरंतर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उनका मार्ग दर्शन किया। समिति के अध्यक्ष नेमीचंद चन्द किरोड़ीवाल व मंत्री कैलाशचन्द रावोरिया ने बताया कि कक्षा-10, 12 तथा नेट, बीएड, बी.टेक सहित उच्चशिक्षा उत्तीर्ण लगभग पांच सौ विद्यार्थीयों को दुपट्टा, मोमेंटो प्रशस्ति पत्र तथा बैग प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व समाज के भामाशाहों सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे।

प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें-

संपादक,
परिष्कार पत्रिका,
रजि. का. : प्लाट नं. 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6

ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईसरआई के पास, हरवाड़ा रोड़, जयपुर-302006

मो. 9314407796

parishkarpatrika@gmail.com

अधिक खबरें के लिए परिष्कार पत्रिका की वेबसाइट पर देखें
www.parishkarpatrika.com

सदाचार उच्च मा. विद्यालय
आकड़ मार्ग, बनीपार्क जयपुर फोन नं. 2202026
[अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]
कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय

सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं

ऊषा शर्मा
प्रिंसिपल
सदाचार उच्च मा विद्यालय

SADACHAR PUBLIC SCHOOL
(An English Medium Co-educational Institute)
Ph. 3141519, 2202026
English Medium
Play Group to VIIIth
Conveyance Facility (Auto)
Based on N.C.R.T. Pattern

सैंट माईकल सीनियर सैकंडरी स्कूल
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [अंग्रेजी माध्यम]

प्रवेश प्रारंभ

विशेषताएं : न्यूनतम शिक्षण शुल्क, श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

नोवल डिसिल्वा

सुभाष चौक, आमेर रोड़, जयपुर राजस्थान

PRIME TRACK
TRACKON EXPRESS PVT. LIMITED

शायर सिंह किशर
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

Trackon
Couriers Pvt. Limited

अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -

शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हरवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

सम्पादकीय

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सभी चाहते हैं हंसता हुआ नूरानी चेहरा। हर व्यक्ति ऐसा मुस्कुराता चेहरा देखना पसंद करता है, जिसे देखकर उसे खुशी हो और प्रेरणा मिले। कोई भी व्यक्ति उस मनहूस चेहरे को देखना पसंद नहीं करेगा, जिसे देखते ही उसका मन क्रोध और घृणा से भर उठे, तन-मन में तनाव पैदा हो और उसकी कार्यक्षमता में व्यवधान आए। हर व्यक्ति ऐसे मुस्कराते हुए चेहरे को देखना पसंद करता है, जिसे देखकर उसे खुशी हासिल हो और कार्य करने की प्रेरणा मिले। पुराने और आज के व्यापारिक क्षेत्र में बहुत बड़ा परिवर्तन आ गया है। व्यापार के सारे रंग-ढंग और तौर-तरीके बदल गए हैं। व्यावसायिक दृष्टिकोण बदल गए हैं। वातावरण में गंभीरता दिखाई देती है। इसका प्रभाव व्यापारिक क्षेत्रों में कार्य करने वालों पर ही नहीं, खरीदारों पर भी पड़ा है। पहले व्यापारी की विनम्रता और व्यवहारकुशलता उसके और खरीदार के बीच जो संबंध स्थापित कर देती थी। वे संबंध अब समाप्त होने लगे हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए बड़े-बड़े व्यापारिक संस्थानों में ऐसे सेल्समैन रखे जाने लगे हैं, जो हर समय प्रसन्नचित्त रहते हों। जिनके होठों पर हर समय मुस्कराहट खेलती रहती हो। जो शिष्टाचारी और व्यवहारकुशल हों। ऐसे हंसमुख सेल्समैन ग्राहक को बड़ी आसानी से प्रभावित और आकर्षित कर लेते हैं। उनकी ये आदतें एक दिन उन्हें सफलता की चोटी पर पहुंचा देती हैं और भविष्य में व्यापार की उन्नति में सहायक सिद्ध होती हैं। यह सामान्य सी बात है कि जो लोग हर समय प्रसन्नचित्त रहते हैंए हमेशा मुस्कराते रहते हैं, हर व्यक्ति उन्हें अपने पास बिठाना और उनके पास बैठना पसंद करता है। उनके साथ रहने पर उसे समय तक का ध्यान नहीं रहता, लेकिन जिन लोगों के चेहरों पर तनाव और स्वभाव में चिड़चिड़ापन होता है, न तो कोई उन बिठाकर खुश होता है और न उनके साथ बैठकर। ऐसे लोगों के मित्र या तो होते नहीं और अगर थोड़े बहुत होते भी है तो उन्हीं के जैसे स्वभाव के होते है। ऐसे में कहा जा सकता है कि दुख दूर होने के बाद मन प्रसन्न हो यह जरूरी नहीं, ये भ्रम है। लेकिन मन प्रसन्न रखने से सभी दुख अवश्य दूर होंगे। यह सत्य है। **जय हिन्द। जय भारत।।**

यूडीआईडी कार्ड दिव्यांगता प्रमाणपत्र जनाधार पोर्टल पर अपडेट करने की प्रक्रिया प्रारंभ

अपडेशन के बाद विशेष योग्यजन पेंशन के लिए कर सकेंगे आवेदन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशक बचनेश अग्रवाल ने कहा कि राज्य के 22 हजार से अधिक विशेष योग्यजनों के केंद्र सरकार के स्वावलम्बन पोर्टल से जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड को दिव्यांगजन के जनआधार पोर्टल पर अपडेट करवाये जाने के बाद दिव्यांगजन सामाजिक सुरक्षा पेंशन व अन्य योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्वावलंबन पोर्टल से जनआधार पोर्टल पर दिव्यांगजनों के डेटा अपडेट की प्रकिया 25 अक्टूबर से आरम्भ कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि राज्य के जिन विशेष योग्यजनों ने केंद्र सरकार के स्वावलंबन पोर्टल से जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करवाया है। उन सभी विशेष योग्यजन व्यक्तियों को इस यूडीआईडी कार्ड को जनआधार में अपडेट करवाना है ताकि वे सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा राज्य सरकार की अन्य योजनाओं के लिए आवेदन के पात्र हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में 01 मार्च 2024 से दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल से जारी किये जा रहे हैं।

विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं हो सुनिश्चित सरकारी योजनाओं का हो बेहतर क्रियान्वयन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला निष्पादक समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने कहा कि सभी शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार वाले राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करावें, साथ ही विद्यालयों में सरकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन पर भी फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा अधिकारी पीएम स्कूलों का नियमित निरीक्षण करें साथ ही विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था, टॉयलेट, पुस्तकालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त रखें। उन्होंने विद्यालयों के पुस्तकालयों में रखी पुस्तकों का वितरण विद्यार्थियों में करने एवं विद्यार्थियों से पुस्तक अध्ययन एवं रखरखाव के लिए प्रेरित करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान धरा अभियान के तहत भूमि विहीन विद्यालयों को जल्द से जल्द भूखंड एवं खेल मैदान की व्यवस्था हो। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन राजकीय विद्यालयों में अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं हैए उन सभी विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। जिला कलक्टर ने शिक्षा अधिकारियों को राजकीय विद्यालयों में नामांकन वृद्धि करने, जन आधार प्रमाणिकरण, आधार प्रमाणिकरण सहित अन्य आवंटित कार्यों से जुड़े लक्ष्य जल्द से जल्द हासिल करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सेक्टोरल सत्रों के साथ राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के लिए तैयार है

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान राज्य 9 से 11 दिसंबर, 2024 तक जयपुर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की मेजबानी करने के लिए तैयार है। इस समिट में वैश्विक निवेशकों, उद्योग जगत के व्यापारी, नीति निर्माताओं और सरकारी अधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद है क्योंकि इसका उद्देश्य राजस्थान को विभिन्न क्षेत्रों में निवेश, नवाचार और सतत विकास के लिए अग्रणी गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। इस समिट में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित विषयगत और सेक्टोरल सत्रों की विविध श्रृंखला होगी, जिसका उद्देश्य प्रमुख उद्योगों में वर्तमान चुनौतियों और भविष्य के अवसरों दोनों को संबोधित करना है। ये सत्र आर्थिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए नवाचार, स्थिरता और समावेशिता का लाभ उठाने पर राजस्थान के फोकस पर जोर देंगे और साथ ही भविष्य की चुनौतियों और नीति संशोधनों के माध्यम से साझेदारी, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदमों पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे।

राजस्थान सरकार के अतिरिक्त आयुक्त बीआईपी सौरभ स्वामी ने कहा, राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 सिर्फ निवेश के लिए एक मंच नहीं है, बल्कि यह सभी क्षेत्रों में नवाचार, स्थिरता और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विषयगत और सेक्टोरल सत्रों की विविधता के माध्यम से, हम अक्षय ऊर्जा, डिजिटल परिवर्तन और समावेशी पर्यटन जैसे क्षेत्रों में अग्रणी होने की अपने राज्य की क्षमता को उजागर कर रहे हैं। यह शिखर सम्मेलन राजस्थान की दूरदर्शी नीतियोंए उद्योग-तैयार बुनियादी ढाँचे और वैश्विक निवेशकों के लिए हमारी विकास कहानी का हिस्सा बनने के विशाल अवसरों को प्रदर्शित करने का एक अवसर है।

9 दिसंबर, 2024 को शिखर सम्मेलन उच्च-स्तरीय विषयगत चर्चाओं की एक श्रृंखला के साथ शुरू होगा। महिला और बाल विकास विभाग हर स्टोरी एडवांसिंग इनक्लूसिव सोसाइटीज शीर्षक से सत्र का नेतृत्व करेगा, जिसमें आवश्यक स्तंभों के रूप में आर्थिक समानता और सामाजिक समावेश पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उद्योग विभाग एक साथ उद्योग 4.0 के साथ विनिर्माण में परिवर्तन पर सत्र आयोजित करेगा, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला जाएगा कि स्वचालन, डेटा विश्लेषण और अत्याधुनिक तकनीकें राजस्थान के विनिर्माण परिदृश्य को कैसे नया आकार दे रही हैं।

जल संसाधन विभाग द्वारा क्षेत्रीय जल सुरक्षा प्रौद्योगिकी और शासन पर सत्र के दौरान जल प्रबंधन और स्थिरता सबसे आगे होगी, जो पानी की कमी को दूर करने के लिए तकनीकी समाधान और शासन मॉडल का पता लगाएगी। इसके अलावाए ऊर्जा विभाग ट्रांजीशन टुवर्ड्स सस्टेनेबल एनर्जी इकॉनमी पर सत्र की मेजबानी करेगा, जो अक्षय ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकियों में राज्य के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को रेखांकित करेगा।

पर्यटन और खनन क्षेत्र भी केंद्र में होंगे। पर्यटन विभाग विविधता को अपनाना समावेशी पर्यटन को बढ़ावा देना प्रस्तुत करेगा, जिसका उद्देश्य राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है, जबकि इस क्षेत्र को अधिक समावेशी और टिकाऊ बनाना है। इस बीच, खान और भूविज्ञान विभाग सतत खनन भविष्य की सुरक्षा पर एक चर्चा का नेतृत्व करेगा, जो जिम्मेदार खनन प्रथाओं और पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक विकास को संतुलित करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को संबोधित करेगा।

10 दिसंबर, 2024 को शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन राजस्थान के भविष्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर गहन चर्चा की जाएगी। आईटी और संचार विभाग डिजिटल परिवर्तन स्टार्टअप के भविष्य को आकार देना पर चर्चा को आगे बढ़ाएगा, जिसमें इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि कैसे डिजिटल तकनीकें राज्य में संपन्न स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को सक्षम कर रही हैं। समानांतर में, उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग एडुरिवोल्यूशन ब्रिजिंग एजुकेशन एंड ऑपर्च्युनिटीज की मेजबानी करेगा, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली को उद्योग की जरूरतों के साथ जोड़ना है ताकि कुशल कार्यबल को बढ़ावा दिया जा सके और छात्र के केजी से पीजी जीवन चक्र से लेकर उद्योग के लिए तैयार होने तक प्रमुख अंतरालों की पहचान की जा सके। आर्थिक लचीलापन और स्थिरता पर चर्चा जारी रहेगी, जिसमें योजना विभाग सतत वित्त सार्वजनिक और निजी निवेश पर सत्र का नेतृत्व करेगा, जिसमें दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अभिनव वित्त मॉडल और सार्वजनिक-निजी भागीदारी की खोज की जाएगी। साथ ही हरित वित्तपोषण और टिकाऊ भविष्य के लिए अर्थव्यवस्था को आकार देने में इसकी भूमिका के बारे में भी चर्चा की जाएगी। कृषि विभाग कृषि-व्यवसाय नवाचार मूल्य श्रृंखला में वृद्धि के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नवाचारों पर प्रकाश डालेगा तथा तकनीक और नवाचार की सहायता से मूल्य श्रृंखला में उत्पादकता और लाभ बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

स्वास्थ्य सेवा नवाचार भी प्रमुख विषय होगा, जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग फ्यूचरकेयर नवाचार के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा में परिवर्तन पर चर्चा करेगा, जिसमें दिखाया जाएगा कि राजस्थान स्वास्थ्य सेवा वितरण और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को कैसे अपना रहा है। अंत में, लोक निर्माण विभाग आपूर्ति श्रृंखला में बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण भूमिका पर बुनियादी ढांचा आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी पर सत्र के साथ चर्चा करेगा, जिसमें आर्थिक विकास के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे के महत्व पर जोर दिया जाएगा जो लचीलाए टिकाऊ और लागत प्रभावी है।

इन विषयगत और सेक्टोरल सत्रों के अलावा, शिखर सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और द्विपक्षीय निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश के सत्र भी होंगे। विभिन्न देशों के प्रतिनिधि राजस्थान के उद्योगों के साथ जुड़ेंगे, विनिर्माण और ऊर्जा से लेकर पर्यटन और कृषि तक के क्षेत्रों में संभावित अवसरों को तलाशेंगे। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 एक ऐतिहासिक आयोजन होने का वादा करता है, जो वैश्विक निवेश, तकनीकी नवाचार और सतत विकास का केंद्र बनने के राजस्थान के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगा।

राजस्थान विधानसभा उप चुनाव 2024

सभी 7 विधानसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग का पहला चरण पूरा, कुल 3,193 में से 3,085 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान में उपचुनाव के लिए 7 विधानसभा क्षेत्रों में घर से मतदान होम वोटिंग की प्रक्रिया के पहले चरण में 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ जन और दिव्यांग वर्ग के कुल 3,085 पात्र मतदाताओं ने मतदान किया है। सोमवार से शुक्रवार तक चले पहले चरण में लक्षित कुल मतदाताओं में से 71 मतदाता निर्धारित समय पर घर पर नहीं मिलने के कारण वोट नहीं डाल सके हैं। इस बीच होम वोटिंग के लिए आवेदन के बाद से 37 अन्य मतदाताओं की मृत्यु हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि होम वोटिंग के लिए पहले चरण में मतदान नहीं कर सकने वाले मतदाताओं के लिए मतदान दल दूसरे चरण में 9-10 नवम्बर को उनके घरों पर निर्धारित समय पर वोटिंग के लिए आएंगे। सभी विधानसभा क्षेत्रों में 85 वर्ष से अधिक आयु के और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यागता वाले कुल 3,193 मतदाताओं को होम वोटिंग के लिए निर्धारित प्रारूप 12डी में आवेदन किया था। महाजन के अनुसार होम वोटिंग के लिए अब तक सर्वाधिक मतदान सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में हुआ है, जहां कुल 661 पात्र मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया है। इसी प्रकार झुंझुनू में 568, देवली-उनियारा में 564, खींवसर में 399, दौसा में 370, चौरासी में 308 और रामगढ़ में 215 मतदाताओं ने घर से मतपत्र के जरिए अपने वोट डाले हैं।

अब दूसरे चरण में सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में शेष रहे 15, झुंझुनू में 10, देवली-उनियारा में 24, खींवसर में 4, दौसा में 7, चौरासी में 4 और रामगढ़ में 7 मतदाताओं से होम वोटिंग कराई जाएगी। इस क्रम में क्रमशः सलूम्बर में 7, झुंझुनू में 7, देवली-उनियारा में 8, खींवसर में 4, दौसा में 4 और चौरासी विधानसभा क्षेत्र में 7मतदाताओं की होम वोटिंग के लिए आवेदन के बाद से मृत्यु हो गई है।

पशुपालन और गोपालन मंत्री ने पुष्कर मेले की तैयारियों का जायजा लिया

व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के दिये निर्देश

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले की तैयारी का जायजा लेने पुष्कर धाम पहुंचे। पशु मेले में उन्होंने मेला स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। मेले में राजस्थान सहित पंजाब और आसपास के कई क्षेत्रों के लोग पशु बेचने खरीदने आते हैं। उनके लिए कुमावत ने सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि कानून व्यवस्था और साफ-सफाई के साथ-साथ पशुओं और पशुपालकों के लिए पेयजल, बिजली और चिकित्सा व्यवस्था सहित सभी सुविधाएं मेले में आने वाले लोगों को मिले। मेला स्थल को विकसित करवाने का निर्देश देते हुए उन्होंने मेला स्थल की जमीन पर्यटन स्थल से पशुपालन विभाग को हस्तांतरित करने को कहा। उन्होंने वहां पॉलीक्लिनिक खोलने की भी घोषणा की। उन्होंने ऊंटों और गायों के संरक्षण और संवर्धन हेतु नवाचार करते हुए मोबाइल वेटरिनरी यूनिट के व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। कुमावत ने वहां उपस्थित पशुपालकों से बात कर उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना और उसका निराकरण करने का आश्वासन दिया। पशुपालकों ने भी मेले की अच्छी व्यवस्था के लिए सरकार और विभाग को धन्यवाद दिया। पशु मेले में पशुओं की चिकित्सा सुविधाओं के लिए पशुपालन विभाग द्वारा 12 पशु चौकियों की स्थापना की गई है। पशुपालन मंत्री के साथ इस दौरान एसडीएम, पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय प्रशासन, डेयरी, पुलिस तथा अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान का सबसे बड़ा पशु मेला पुष्कर में कार्तिक मास में आयोजित किया जाता है जिसमें करीब 10 से 15 हजार पशु आते हैं। इनमें घोड़े और ऊंट की संख्या अधिक होती है। मेले के दौरान पशुओं के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है।

प्रध्यापक-विद्यालय संस्कृत शिक्षा विभाग प्रतियोगी परीक्षा 2024

17 से 21 नवम्बर तक किया जाएगा विषयवार परीक्षा का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक-विद्यालय संस्कृत शिक्षा विभाग प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन 17 से 21 नवंबर 2024 तक किया जाएगा। परीक्षा में ओएमआर उत्तर पत्रक के पांचवे विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग की संयुक्त सचिव ऋषिबाला श्रीमाली ने बताया कि संस्कृत शिक्षा विभाग में 8 विषयों हेतु प्राध्यापक-विद्यालय के कुल 52 पदों पर भर्ती का विज्ञापन 25 जनवरी 2024 को जारी किया गया था। इस परीक्षा के तहत जनरल अवेयरनेस एंड जनरल स्टडीज विषय की परीक्षा का आयोजन 17 नवंबर 2024 को प्रातः 10 से 11.30 बजे तक किया जाएगा।

ऐच्छिक विषयों की परीक्षाओं का आयोजन निम्नानुसार किया जाना प्रस्तावित है :

विषय	- परीक्षा दिनांक	समय
हिन्दी	18 नवंबर 2024	प्रातः 9 से 12 बजे
इतिहास	18 नवंबर 2024	2.30 से 5.30
राजनीति विज्ञान	19 नवंबर 2024	प्रातः 9 से 12 बजे
इंग्लिश	19 नवंबर 2024	2.30 से 5.30
यजुर्वेद	20 नवंबर 2024	प्रातः 9 से 12 बजे
जनरल ग्रामर	20 नवंबर 2024	2.30 से 5.30
ग्रामर	21 नवंबर 2024	प्रातः 9 से 12 बजे
लिटरेचर	21 नवंबर 2024	2.30 से 5.30

14 नवंबर को अपलोड किए जाएंगे प्रवेश पत्र :

अभ्यर्थी उक्त परीक्षा हेतु आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी 10 नवंबर 2024 से एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर 14 नवंबर 2024 को जारी किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी यथाशीघ्र प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ट कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अतः अभ्यर्थी परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने के लिए नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जाएं ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके। देरी से आने पर तलाशी में समय लगने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं।

अभ्यर्थियों को पहचान हेतु परीक्षा केंद्र पर मूल आधार कार्ड रंगीन प्रिंट लेकर उपस्थित होना होगा। यदि मूल आधार कार्ड पर फोटो पुरानी अथवा अस्पष्ट है तो अन्य मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र यथा मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस जिसमें रंगीन एवं नवीनतम स्पष्ट फोटो हो, लेकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होवें। इसके साथ ही अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र पर भी नवीनतम रंगीन फोटो ही चस्पा करना सुनिश्चित करें। स्पष्ट मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन अवश्य कर लेवें। आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी किसी दलाल, मीडिएटर, समाजकंटक या अपराधी के बहकावे में न आएं। यदि कोई परीक्षा में पास कराने के नाम पर रिश्वत की मांग या अन्य कोई प्रलोभन व झांसा देता है तो प्रमाण सहित इस संबंध में जांच एजेंसी एवं आयोग कंट्रोल रूम नंबर 0145-2635200, 2635212 एवं 2635255 पर सूचित करें। परीक्षा में अनुचित साधन अपनाये जाने एवं अनुचित कृत्यों में संलिप्त होने पर राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय अधिनियम, 2022 के तहत आजीवन कारावास, 10 करोड़ रुपए तक के जुर्माने से दण्डित एवं चल अचल संपत्ति कुर्क कर जब्त की जा सकती है।

सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने सजाई आकर्षक रंगोलियां

परिष्कार पत्रिका

लाडनूं। जैन विश्वभारती संस्थान में चल रही सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं 2024-25 के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक सचिव डॉ अमिता जैन ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में 60 प्रतिभगी छात्राओं ने 14 समूहों में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी रंगोलियों में मौलिकता, सटीकता और सौंदर्य पर जोर दिया तथा अलग-अलग डिजाइन को आकार देकर रंग-बिरंगी सुंदर रंगोलियां बनाईए जिनके आकर्षण ने सबका मन मोह लिया।

निर्णायकों व दर्शकों ने पाया कि रंगोलियों का निर्माण करके प्रतिभागियों ने अपनी अनूठी रचनात्मकता और सांस्कृतिक विरासत को परिलक्षित किया है। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ ममता पारीक एवं डॉ सुनीता इंदौरिया रही। कार्यक्रम में डॉ विनोद कस्वा, डॉ लिपि जैन आदि संकाय सदस्यों के अलावा सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पात्र परिवार रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना

एलपीजी आईडी की सीडिंग उचित मूल्य दुकान से करवाये 450रू में सिलेण्डर पायें

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को संबल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना तथा बीपीएल श्रेणी के परिवारों को 450 रूपये मात्र में एलपीजी सिलेण्डर उपलब्ध करवाया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री की पहल के कारण संभव हुई इस योजना का दायरा बढ़ाते हुए सभी राशन का गेहूं प्राप्त करने वाले परिवारों अर्थात एनएफएसए के लाभान्वितों को 450 रूपये में एलपीजी सिलेण्डर उपलब्ध करवाने की घोषणा के मद्देनजर एनएफएसए परिवारों की एलपीजी आईडी को उचित मूल्य दुकान पर स्थित पोस मशीन के माध्यम से सीडिंग का कार्य करवाते हुए योजनान्तर्गत रूपये 450 में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने हेतु विभागीय स्तर से पोस मशीन में प्रावधान विकसित किये जा चुके हैं। इस हेतु समस्त राशन का गेहूं प्राप्त करने वाले परिवार अर्थात राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी परिवार अपनी एलपीजी आईडी को राशनकार्ड/आधार कार्ड से उचित मूल्य दुकान के माध्यम से सीडिंग करवाना सुनिश्चित करवाएं।

प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने बताया कि रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र परिवारों की एलपीजी आईडी को आधार राशनकार्ड से सीडिंग का प्रावधान उचित मूल्य दुकान पर स्थिति पोस मशीन के माध्यम से दिनांक 5 नवंबर से 30 नवंबर, 2024 तक वृहत स्तर पर अभियान के रूप में संचालित किया जायेगा, जिससे योजनान्तर्गत रूपये 450 में गैस सिलेण्डर प्राप्त होने की सुनिश्चितता स्थानीय स्तर से ही संभव हो जायेगी। ऐसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा परिवार या उनके सदस्य जिनके आधार कार्डों की सीडिंग नहीं हुई है उनको भी राहत प्रदान करते हुए उचित मूल्य दुकान स्तर से ही पोस मशीन के माध्यम से उक्त अवधि में आधार नम्बर सीडिंग का प्रावधान किया गया है। अतः जिनके आधार कार्डों की सीडिंग नहीं हो रखी है वह समस्त लाभार्थी आधार कार्ड नम्बर की सीडिंग करवाना सुनिश्चित करावें। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय एवं भारत सरकार के दिशा निर्देशों के क्रम में छूटे हुए लाभार्थियों की ई-केवाईसी भी उचित मूल्य दुकानदार द्वारा पोस मशीन से की जायेगी। समस्त उचित मूल्य दुकानदार यह सुनिश्चित करेंगे कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना पात्र परिवार के समस्त सदस्यों की आधारकार्ड, एलपीजी आईडी एवं ई-केवाईसी की सीडिंग की सुनिश्चितता के बाद ही गेहूं का वितरण लाभार्थियों को किया जाये, जिससे समस्त एनएफएसए लाभार्थी योजना का लाभ उठा सके।

सुविचार

दुःख दूर होने के बाद मन प्रसन्न होगा, ये भ्रम है। मन प्रसन्न रखिये सब दुःख दूर हो जाएंगे....

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर स्वस्थ नारी चेतना अभियान का शुभारंभ

महिलाओं को ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया जागरूक

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर चिकित्सा संस्थानों मे कैंसर स्क्रीनिंग कैम्पों का आयोजन किया गया। इसमे आमजन की कैंसर की स्क्रीनिंग की गई और कैंसर रोग से बचाव के प्रति जागरुक किया गया। साथ ही जिले मे आज से प्रारम्भ हुए स्वस्थ्य नारी चेतना अभियान के अंतर्गत महिलाओं के ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई और कैंसर के कारण, रोकथाम, उपचार और जटिलताओं के बारे में जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ हंसराज भदालिया ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चिकित्सा संस्थानों मे कैंसर स्क्रीनिंग कैम्पों का आयोजन कर आमजन कैंसर की स्क्रीनिंग की गई और कैंसर रोग से बचाव के प्रति जागरुक किया गया। जिले में स्वस्थ्य नारी चेतना अभियान का भी शुभारंभ हुआ। अभियान के अंतर्गत महिलाओं को ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। जिले में स्वस्थ्य नारी चेतना अभियान का आयोजन आगामी 10 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य डॉ सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि राजस्थान में कैंसर से होने वाली अधिकांश मौतों के लिए तीन कॉमन कैंसर यथा ऑरल, ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर जिम्मेदार है। प्रारंभिक अवस्था में कैन्सर मरीज की पहचान कर उपयुक्त उपचार करने से कैन्सर से होने वाली मृत्यु को कम किया जा सकता है। राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर स्क्रीनिंग कैम्पों के आयोजन के साथ स्वस्थ्य नारी चेतना अभियान की शुरुआत हुई। अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में महिलाओं की ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर के संबंध में जागरूकता एवं स्क्रीनिंग किया जाना है। इस द्वि-मासिक स्वस्थ्य नारी चेतना अभियान में जिले में आमजन को कैंसर के कारण, रोकथाम, उपचार और जटिलताओं के बारे में जागरूक किया जाएगा।

परिष्कार मैरिज ब्यूरो

वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खटक, डाबला, कायथ। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएलबी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः अटकाण, पचेरवाल, गहलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः किरार, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः निर्वाण, मौर्या, कायथ। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः सीलण, खर्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है देवली में स्वयं की ई-मित्र शॉप एवं गिफ्टिंग वर्क इन मेटल मार्किंग मशीन 29 वर्षीय एमकॉम लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः गहलोत, खर्रा, कायत। पो.बा. 601/24, सम्पर्क करें 9314407796 या 9928428368 देखें वेब साईट www. siddscreation.com

----

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796 ------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, किराड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796 ---------

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः फरण्ड, कायथ, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एग्रीचल्चर साईंटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः कायथ, लुगरिया, मावर। पो.बॉ. 525, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किराड़, इन्दौरा, देराण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, डाबला, गहलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए टीचर की तैयारी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, डाबला, निवार्ण। पो.बॉ. 359, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए, प्राइवेट जॉब लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, सीलण, होटला, पो. बा. 262, सम्पर्क करें 9314407796,

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः खनगवाल, मोरवाल, तुर्किया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, मावर, डाबला, अटकाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 32 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किरार, डाबला, सीलन पो.बॉ. बी-1 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः निर्वाण, बावलिया, खर्रा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

विशेष संक्षिप्त पुनःरीक्षण कार्यक्रम 2025

7 विधानसभा क्षेत्रों में 25 नवम्बर से गतिविधियां शुरू होंगी, अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन 6 जनवरी को

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान में उपचुनाव के बाद 7 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन सहित त्रुटि हटाने का कार्य शुरू होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने इसके लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसएसआर कार्यक्रम-2025 की तिथियां घोषित कर दी हैं। आयोग की ओर से निर्वाचन विभाग को प्राप्त निर्देशों के अनुसार, उपचुनाव वाले क्षेत्रों में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की गतिविधियां 25 नवम्बर से शुरू होंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, प्रदेश में 7 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद 25 और 26 नवम्बर को पुनरीक्षण गतिविधियों के तहत आगामी 1जनवरी, 2025 को पात्रता के लिए निर्धारित तिथि मानते हुए एकीकृत प्रारूप मतदाता सूचियां तैयार की जाएंगी। इन प्रारूप सूचियों का प्रकाशन 27 नवम्बर को होगा। प्रकाशित सूचियों पर आगामी 12 दिसम्बर तक दावे-आपत्तियां प्राप्त कर 24 दिसम्बर तक उनका निस्तारण किया जाएगा। महाजन के अनुसार, इन 7 विधानसभा क्षेत्रों के लिए एसएसआर अभियान के तहत प्रारूप मतदाता सूचियों के अपडेशन के लिए विशेष शिविर 30 नवम्बर और 8 दिसम्बर को आयोजित होंगे। इन विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन भी राजस्थान के 193 अन्य विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूचियों के साथ 6 जनवरी, 2025 को ही होगा।

कीमैक्स रियल एस्टेट ने अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के निदेशक अमित दाहिमा की नियुक्ति

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। कीमैक्स रियल एस्टेट दुबई में सबसे तेजी से बढ़ती रियल एस्टेट एजेंसी, अमित दाहिमा को निदेशक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। अंतरराष्ट्रीय रियल एस्टेट उद्योग में 25 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ, अमित कीमैक्स टीम में ज्ञान और विशेषज्ञता का खजाना लेकर आते हैं, जो कंपनी के वैश्विक दृष्टिकोण और मिशन को और मजबूत करता है। अमित दाहिमा राजस्थान से हैं और उनका जन्म राजस्थान के सीकर जिले के रामगढ़ शेखावाटी में हुआ है। कीमैक्स रियल एस्टेट अपने अभिनव दृष्टिकोण और दुबई रियल एस्टेट उद्योग की गहरी समझ और विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध है, कंपनी स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों के लिए रियल एस्टेट निवेश परामर्श, विपणन, बिक्री और संपत्ति प्रबंधन सहित समाधानों की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करती है।

कीमैक्स रियल एस्टेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अली सुलेमान ने नई नियुक्ति के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। हम अमित दाहिमा को बोर्ड में पाकर रोमांचित हैं। उनके व्यापक अनुभव, अंतरराष्ट्रीय बाजारों की गहरी समझ और विशेषज्ञता हमारे वैश्विक विस्तार में सहायक होगी।

हम अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में अपनी उपस्थिति और समाधानों की पेशकश को बढ़ा रहे हैं और हम शुरुआत में परिचालन के पहले वर्ष में 18 देशों में प्रवेश कर रहे हैं। अमित दाहिमा ने भी अपना उत्साह साझा किया। ऐसे रोमांचक समय में कीमैक्स रियल एस्टेट से जुड़कर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं हमारी वैश्विक दृष्टि और व्यापार रणनीति को आगे बढ़ाने और असाधारण उच्च मूल्य वाले रियल एस्टेट निवेश समाधान प्रदान करने के लिए टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। निदेशक अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय के रूप में अमित दाहिमा कीमैक्स रियल एस्टेट के अंतर्राष्ट्रीय विस्तार की स्थापना और देखरेख और विस्तार जारी रखने के लिए जिम्मेदार होंगे। यह सुनिश्चित करते हुए कि कंपनी अपनी वैश्विक उपस्थिति की बढ़ती जरूरतों को पूरा करती रहे। कीमैक्स रियल एस्टेट दुबई के रियल एस्टेट बाजार में एक अग्रणी ताकत के रूप में अपनी प्रतिष्ठा मजबूत कर रहा है। 2017 में अपनी स्थापना के बाद सेए कंपनी ने संपत्ति प्रबंधन से लेकर बिक्री और पट्टे तक, लगातार नवीन और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान की हैं। दुबई भूमि विभाग और आंतरिक कार्यक्रमों द्वारा प्रशिक्षित एक समर्पित टीम के साथ, कीमैक्स ग्राहक सेवा में उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करता है। उत्कृष्टता के प्रति यह प्रतिबद्धता कीमैक्स रियल एस्टेट को एक विश्वसनीय नेता के रूप में स्थापित करती है, जो लगातार विकसित हो रहे रियल एस्टेट उद्योग में निरंतर विकास और सफलता के लिए तैयार है।

अजमेर जिल स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट में उप मुख्मंत्री की उपस्थिति में 14हजार करोड़ से अधिक के एमओयू

राजस्थान में उद्यम लगाने के लिए अनुकूल राज्य के रूप में पहचान हो : दिया कुमारी

परिष्कार पत्रिका

अजमेर। अजमेर जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ। इसमें उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने उद्यमियों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में 14 हजार 26 करोड़ रूपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। दिया कुमारी ने कहा कि राज्य स्तरीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट-2024 के अन्तर्गत जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट अजमेर सफल आयोजन रहा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार पहले वर्ष में ही उद्यम स्थापना पर जोर दे रही है। बड़ी संख्या में एमओयू किए जा रहे हैं। इस निवेश से राज्य में रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान में किए गए एमओयू कुछ ही समय में धरातल पर दिखने लगेंगे। इसके व्यापक परिणाम अगले चार वर्षों में सबके सामने होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने राजस्थान के भविष्य को संवारने के बारे में सोचा है। यहां के निवासियों को अच्छे स्तर पर रोजगार मिलेगा। वर्तमान में सरकार द्वारा किए गए एमओयू धरातल पर उतरेंगे। इसके लिए समस्त अधिकारी मिलकर कार्य करें। भूमिए नीतिगत निर्णयोंए विभिन्न अनापत्तियों सहित समस्त कार्य तत्काल किए जाने चाहिए। उन्होने कहा कि हम सबको मिलकर अजमेर, राजस्थान एवं भारत को विकसित बनाना है। सबके सम्मिलित प्रयासों से प्रत्येक निवेशक केवल राजस्थान में ही निवेश करने के लिए सोचेगा। भविष्य में अजमेर की पहचान उद्यम स्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त जिले के रूप में होगी। सरकार उद्यमियों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए राजस्थान उद्यम प्रोत्साहन योजना-2024 की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान अपार संभावनाओं का प्रदेश है। यहां सोलर व पवन ऊर्जा, खनिज सहित बड़ी मात्रा में प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध है। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना ईआरसीपी एवं यमुना नदी का जल उपलब्ध होने से राजस्थान में पानी भी पर्याप्त होगा। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि अजमेर में औद्योगिक विकास की अन्य जिलों से अधिक संभावनाएं हैं। सरकार इन संभावनाओं को वास्तविकता में लाने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में अभी जिला स्तरीय इनवेस्टर्स मीट का आयोजन किया जा रहा है। इसके पश्चात राज्य स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट आयोजित होगी। इससे निवेशकों द्वारा उद्यम स्थापित किए जाएंगे। क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिलने से आर्थिक समृद्धि आएगी। अजमेर जिले में सर्वाधिक निवेश आकर्षित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रौन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि उद्यमी अजमेर की रीढ़ की हड्डी है। इनके बूते ही अजमेर आर्थिक रूप से मजबूत है। अजमेर में कर्मशीलता के साथ-साथ ऊर्जा भी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए रिप्स-2024 की घोषणा की गई है। उद्यम स्थापना से रोजगार की वृद्धि होती है। इससे व्यक्तियों का जीवन स्तर उच्च होगा। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने कहा कि इस जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट के सफल आयोजन के लिए विभिन्न औद्योगिक संघों, वृहद एवं मध्यम इकाईयों के सहयोग तथा समन्वय से विभिन्न क्षेत्रों यथा मार्बल व ग्रेनाईट, टैक्सटाइल, चिकित्सा, शिक्षा, होटल व रिसोर्ट, खनन, सौलर, एग्रो व फूड प्रोसेसिंग क्षेत्रों में विभिन्न विभागों द्वारा लगभग 14 हजार 26 करोड़ रूपये के 301 एमओयू किए गए है। इनके द्वारा प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 15 हजार 360 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। संबंधित उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। इसका उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अवलोकन किया।

कैसा हो नेतृत्व

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। स्वामी विवेकानंद कहते थे मैं चाहता हूं कि ऐसा व्यक्ति विश्व का नेतृत्व संभाले, जिसका हृदय बुद्ध की तरह विशाल हो, करुणा का सागर हो तथा जिसका मस्तिष्क आचार्य शंकर की तरह कुशाग्र हो। ऐसा व्यक्ति ही देवसंस्कृति पुनः उसे विश्वसंस्कृति बना सकता है। स्वामी विवेकानंद के महाप्रयाण के साठ वर्ष के भीतर ही यह बात चरितार्थ हो गई। गायत्री परिवार के जनक पं श्रीराम शर्मा आचार्य जो जिनके अंतस में अथाह करुणा थी, अपनी प्रखर प्रज्ञा के माध्यम से सदगृहस्थों के निर्माण में जुटे रहे, जैसी कि समय की आवश्यकता थी, साथ ही लाखों को वानप्रस्थ जीवन के युग-धर्म हेतु भी प्रेरित करते रहे, यह उनके जीवन की सर्वोपरि उपलब्धि है।

धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए अकाल पुरुष या महाकाल बलिदान मांगता है। खौलता हुआ ताजा रक्त चाहिए। किसी में साहस हो, तो आगे आए। अपना सिर कटवाए और अकाल पुरुष को तृप्त करे। गुरुगोविंद सिंह का था यह आह्वान फिर गूंजा, है कोई और जो अपना सिर कटा सके। फिर एक और युवक उठा। उसने अपने आप को बलिदान के लिए प्रस्तुत किया। वही प्रक्रिया दोहराई गई। इस तरह पांच आत्म बलिदानी प्रस्तुत हुए। समारोह संपन्न होने की घोषणा से पूर्व गुरु ने उन पांचों को पुकारा और एक-एक कर सभी परदे के पीछे से बाहर आ गए। गुरु ने किसी का सिर कलाम नहीं किया था। सिर्फ एक परख सामने रखी थी। जो अपना बलिदान करने के लिए प्रस्तुत हो, वही व्यक्ति संस्कृति की रक्षा में समर्थ हो सकता है। अहंकार, कामना, तृष्णा, वासना, मोह-माया और भोग-लिप्सा आदि भावों से मुक्त हुए बिना कोई व्यक्ति राष्ट्र और संस्कृति का काम कर ही नहीं सकता। इसी प्रकार युग निर्माण योजनौ के प्रणेता युगऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य ने सन् 1957 में सहस्त्र कुंडी गायत्री महायज्ञ में अपने आपको विसर्जित कर देने वाले मनस्वी जनों का आह्वान किया था। उसके बाद में अब तक उन्होंने हर बार पुकारा उनकी पुकार पर आंशिक या पूर्ण समर्पण का उत्साह लिए आए कार्यकर्ताओं की संख्या अब तक लाखों को पार कर चुकी है। संस्कृति के उन्नबन और नए युग की संभावनाओं को प्रकट करने के लिए उनके प्रयत्नों की समीक्षा जब भी की जाएगी, तो यही निष्कर्ष निकलेगा कि इन लोगों ने युग प्रवाह को उलट दिया।

श्वयं राष्ट्र जागृयाम पुरोहिताःश्

अर्थात हम पुरोहित राष्ट्र को जीवत और जागृत बनाए रखेंगे। पुरोहित शब्द का आशय समझाते हुए गुरुदेव कहा करते थे, पूजा पाठ, यज्ञ-याग और कर्मकांड आदि करा देने वालों का नाम पुरोहित नहीं है। पौरोहित्य वस्तुतः अलग ही श्रेणी का साहस है। जिसमें वह जागता है, वह मनस्वी शूरवीर उत्सर्ग की भावना से पहले भरता है। अहंता-ममता के बंधन ढीले होने लगते हैं। जिस अनुपात में पे बंधन ढीले होते हैं, उसी अनुपात में वह अपने को और समाज को जागृत रखने में तत्पर होने का प्रयत्न करते हैं।

जब छोटी सी समस्या बन जाती है जटिल

लोग बेहद सरल सी बात को उलझाकर इतना जटिल बना देते हैं कि उसका सिरा भी पकड़ में नहीं आता।

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सचमुच लोग सीधी, सच्ची और सरल सी चीज को उलझाकर इतना जटिल बना देते हैं कि उसका सिरा पकड़ में ही नहीं आ पाता। ढेर सारे लोग इसको चारों ओर से घेरकर इसे सुलझाने के लिए माथापच्ची करते हैं और होता यह है कि बात सुलझने के बजाय और उलझ जाती है। जिंदगीभर लोग इसी में उलझे रहते हैं और इसी में मस्त भी रहते हैं।

मैं जानता हूं कि मेरा यह कहना ज्यादातर लोगों को पचेगा नहीं, लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाना चाहूंगा कि आप मेरे द्वारा बताए जा रहे इस प्रैक्टिकल को करके देखें, शायद आपका मुझ पर भरोसा हो जाए। आप अपनी कोई जटिल समस्या को उठाइए और इस समस्या से कुछ प्रश्न पूछकर उनसे उत्तर हासिल कीजिए। प्रश्न कीजिए कि

1 इस समस्या की शुरुआत किस तरह हुई थी?
2 जब यह शुरू हुई थी, तब इसका रूप क्या था?
3 किसने इसे इतना जटिल बनाया
4 आपने शुरुआत में ही इसे सुलझाने के लिए क्या-क्या किया था?

आप जब अपने इन सारे उत्तरों को एक साथ जोड़कर पढ़ेंगे, तो देखकर दंग रह जाएंगे कि कैसे एक छोटी सी और सरल सी बात इतनी बड़ी और कठिन हो गई। दरअसल वे ऐसा इसलिए करते हैं, क्योंकि वे सरल और सीधी बात पर यकीन ही नहीं कर पाते। वे इस गलतफहमी के बुरी तरह शिकार हो चुके हैं कि जो बात जितनी कठिन, टेढ़ी और उलझी हुई होगीए वह उतनी ही महत्वपूर्ण होगी। यदि कोई भी अपनी जिंदगी की इस सच्चाई को समझ लेता है तो उसके लिए उसकी पूरी जिंदगी एक सुहावना सफर बन जाती है। उसका मन हल्का हो जाता है और उसका नजरिया इतना अधिक स्पष्ट और ठोस हो जाता है कि सफलताएं उसके पास आने के लिए उसके इशारों का इंतजार करती रहती हैं।

विजय सिंह किरार
कॉर्डिनेटर और समाजसेवी

आत्मा की अक्षय अभिव्यक्ति है प्रेम

प्रेम एक दिव्य भाव है। प्रेम की प्राप्ति-उपलब्धि में ही जीवन की सार्थकता एवं पूर्णता है।

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। प्रेम आत्मा का प्रस्फुटन है, परम सौंदर्य है। प्रेम परमात्मा का अनंत अनुदान है। यह दिव्य वरदान सभी को समान रूप से मिला हुआ है। प्रेमरूपी अमृत से सभी आप्लावित हैं। अपवाद रूप में भी कोई इससे वंचित नहीं है। यह हो सकता है कि प्रेम की यह शीतल ज्योति किसी में कम, किसी में अधिक प्रकाशित हो रही हो। जिसने अपनी अंतर्चेतना को जितना अधिक विकसित किया है, उसमें यह उतने ही रूप में अभिव्यक्त होती है। प्रेम चैतन्य विकास की चरम परिणति है, जो लहरों-सी उठती-गिरती भावुकता से प्रारंभ होकर संवेदना, भावना और करुणा की राहों से बढ़ती चलती है। हर कोई चैतन्य विकास के इस रथ पर आरूढ़ होकर प्रेम की पावन पुलकन को स्पर्श कर सकता है, डुबकी लगा सकता है।

प्रेम एक दिव्य भाव है। प्रेम आत्मा की अक्षय अभिव्यक्ति है। प्रेम आत्मा के धरातल पर ही संभव है। जहां प्रेम है, वहां स्वयं परमात्मा का वास होता है। प्रेम देहातीत होता है। देह से प्रेम नहीं होता, देह से वासना हो सकती है। मन से भी प्रेम संभव नहीं है। मन की पृष्ठभूमि में वैचारिक मिलन होता है। प्रेम इससे भी परे एवं पार होता है। बुद्धि के लिए भी यह अगम्य और अगोचर है। प्रेम हृदय से होता है। हृदय की गहराई में बसता है। यह हृदय की रागिनी है। यह सजल संवेदनाओं में गूंजता है।

प्रेम से रीता और रिक्त यहां कोई नहीं है। मानव की कोरी भावुकता में भी प्रेम के कण झिलमिलाते हैं। भले ही यह ओस की बूंदों के समान क्यों न हो, लेकिन जब यह होता है तो अप्रतिम सौंदर्य के साथ, जिसे देख मोती भी सकुचा जाए। प्रेम चैतन्य भावधारा का प्रस्फुटित पूर्ण पुष्प है। यह कभी कुम्हलाता नहीं, अम्लान है इसकी मुस्कान। प्रेम की प्राप्ति-उपलब्धि में ही जीवन की सार्थकता एवं पूर्णता है।

पीपी

राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर प्रदेशवासियों को बड़ी सौगातें

1 लाख महिलाओं को बनाएंगे लखपति दीदी पालनहार योजना में 5 लाख बच्चों को मिलेंगे 150 करोड़ रूपए

किसानों को एग्रीस्टैक से मिलेगी डिजिटल सुविधाएं : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आपणो अग्रणी राजस्थान की दिशा में निरंतर बढ़ते हुए अपनी पहली वर्षगांठ पर प्रदेशवासियों को कई सौगातें देकर उनका सशक्तीकरण करेगी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा नवाचार एवं कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं मजदूरों सहित विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए दूरगामी कार्य किए जाएंगे। शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि दिसम्बर माह में वर्षगांठ के अवसर पर भवन एवं अन्य संनिर्माण से जुड़े 1.5 लाख श्रमिकों को 150 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जाएगी। साथ ही, 2 हजार दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरित की जाएगी और प्रत्येक जिले में कैम्प लगाकर 10 हजार निःशक्तजनों को सहायक सामग्री व सहायता उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे। पालनहार योजना के अंतर्गत लगभग 5 लाख बच्चों को 150 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए राज्य सरकार पहली वर्षगांठ पर प्रदेश में 1लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाएगी। इससे महिलाओं की उद्यमशीलता बढ़ेगी और वे विकसित राजस्थान के लक्ष्य में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगी। साथ ही, राज्य सरकार 10 हजार स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड और कम्यूनिटी इन्वेस्टमेंट फंड से आर्थिक सहायता जारी करेगी। लगभग 45 लाख स्वयं सहायता समूह सदस्यों को आर्थिक सम्बल देने के क्रम में राजसखी पोर्टल की शुरूआत भी की जाएगी। इन सभी नवाचारों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हो सकेंगे।

9 हजार पटवारियों को मिलेंगे टैबलेट : शर्मा ने कहा कि अन्नदाताओं के समग्र विकास के लिए कृषि क्षेत्र में डिजिटल प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस दिशा में पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर राजस्व विभाग द्वारा 9000 पटवारियों को टैबलेट वितरित किए जाएंगे। सीकर जिले में कैम्प लगाकर एग्रीस्टैक का शुभारम्भ कर किसानों को गिरदावरी सहित अन्य डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त सीमाज्ञान एप्लिकेशन और सहमति विभाजन एवं नामांतरण की ऑनलाइन सुविधा भी प्रारम्भ की जाएगी। डीआईएलआरएमपी डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकॉर्ड्स मॉर्डनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत आमेट, उनियारा, सिवाणा, पीपाड़ तहसीलों में सर्वे और री-सर्वे का कार्य पूरा होने के बाद अब नई जमाबन्दियों की शुरूआत भी की जा रही है। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री आलोक गुप्ता, प्रमुख सचिव राजस्व दिनेश कुमार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

एमएनआईटी जयपुर में विजिलेंस अवेयरनेस वीक का समापन

विकसित भारत की यात्रा में हर व्यक्ति की संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। भारत रत्न लोह पुरुष स्वत्रन्त्र भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में विजिलेंस अवेयरनेस वीक मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में दिनांक 4 से 8 नवंबर तक मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। आयोजन का समापन पेनल डिस्कशन द्वारा किया गया, जिसमें मेजर जनरल अनुज माथुर, समरेंद्र सिंह शिकरवार एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज, मंजू मीणा हेड डीडी न्यूज़, अजय पाल लाम्बा इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस, प्रोफेसर एन पी पाढ़ी निदेशक एम एन आई टी पेनलिस्ट थे। लगभग 200से ज्यादा दर्शक इस परिसंवाद में उपस्थित थे। परिसंवाद में चर्चा हुई की सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में तकनिकी की मदद से पारदर्शिता लाई जा सकती है, विकसित भारत की यात्रा में हर व्यक्ति की सम्वेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है। प्रोफेसर एन पी पाढ़ी ने कहा की समाज को सही दिशा देने में शैक्षिणक संस्थानों की भूमिका महत्त्वपूर्ण और कहा की जब देश रिसर्च की दिशा में आगे बढ़ा रहा है तब अकादमिक इंटीग्रिटी की आवश्यकता और महत्त्वपूर्ण हो जाती है। समरेंद्र सिंह शिकरवार एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज ने कहा की न्याय पालिका समाज के लिए प्रतिबद्ध है, भारतीय न्याय प्रणाली में गलत के लिए दंड की पूरी व्यवस्था है। मंजू मीणा ने मीडिया किस प्रकार गलत और सही को समाज के सामने लाने में मदद कर रहा है, मेजर जनरल अनुज माथुर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा की सेना में इंटीग्रिटी के सर्वोच्च मानदंडों को व्यवहार में लाया जाता है, अजय पाल लाम्बा ने कहा की आम जन किस प्रकार से प्रशासन से भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए मदद ले सकता है। इस अवसर पर चीफविजिलेंस ऑफिसर प्रोफेसर गोविन्द शरण डंगायच ने समस्त गणमान्यों एवं प्रतिभागों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पर्यटन विभाग के शासन सचिव को फ्रांस की पर्यटक, लेखिका और फोटोग्राफर एनी सोरेल ने अपनी ट्रेवल गाइड बुक राजस्थान की भेंट

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान में जो आता है वो यहां के रंगों में रंग जाता है। ऐसा ही फ्रांस से जुलाई 1974 में राजस्थान भ्रमण को आई पर्यटक, लेखिका और फोटोग्राफर ऐनी सोरेल के साथ भी हुआ। शासन सचिव पर्यटन रवि जैन से मुलाकात कर फ्रांस की पर्यटक, लेखिका और फोटोग्राफर ऐनी सोरेल ने जयपुर स्थित राजस्थान पर्यटन भवन में उनसे मिलकर अपनी राजस्थान पर्यटन अनुभव आधारित छायाचित्रों को समाहित किये हुए फ्रेंच ट्रेवल गाइड बुक राजस्थान भेंट की। साथ ही सोरेल ने राजस्थान में अपनी यात्रा के 50 वर्ष पूर्ण होने उपलक्ष्य में 27 नवम्बर 2024 को जयपुर में ऐनी द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शासन सचिव पर्यटन रवि जैन, पर्यटन आयुक्त विजयपाल सिंह को आमंत्रित किया। इस अवसर संयुक्त निदेशक पर्यटन विकास राजेश शर्मा और संयुक्त निदेशक मेले, त्यौहार पुनीता सिंह भी उपस्थित रहीं।

शासन सचिव पर्यटन रवि जैन ने हमें खुशी है कि ऐनी सोरेल की आधी शताब्दी से राजस्थान भ्रमण करते हुए अपने छायाचित्रों और फ्रेंच ट्रेवल गाइड बुक राजस्थान के माध्यम से राजस्थान को फ्रांस में प्रचारित करने की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि फ्रेंच भाषा की ट्रेवल गाइड राजस्थान निश्चित ही राजस्थान पर्यटन को वैश्विक स्तर पर विशेषकर फ्रेंच भाषी पर्यटकों को राजस्थान के प्रति उत्सुकता पैदा कर उन्हें राजस्थान पर्यटन से निकटता से परिचय कराती है। ऐनी सोरेल ने बताया कि उनकी किताब का यह आठवां संस्करण है। इससे पहले उन्होंने राजस्थान पर्यटन आधारित इस किताब के सात संस्करण प्रकाशित किए हैं। हर बार उन्होंने किताब को नये रूप में लिखा है। ऐनी ने इस फ्रेंच भाषा की ट्रेवल गाइड राजस्थान में राजस्थान पर्यटन स्थलों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों, लोकजीवन, कला, संस्कृति के छायाचित्रों को प्रदर्शित किया है और यहां के अपने 50 वर्षों के अनुभव को उल्लेखित किया है। उन्होंने राजस्थान की भौगोलिक विविधता, ऐतिहासिक गौरव के स्मारकों को पृष्ठभूमि सहित ट्रेवल गाइड में उल्लेखित किया है। सोरेल ने राजस्थान के लोक संस्कृति और दैनिक जन जीवन, यहां की धार्मिक मान्यताओं, मेलों व उत्सवों का विस्तृत उल्लेख किया है।

यहां के लोगों का जीवन के प्रति सकारात्मक नजरिया, तीज त्यौहारों पर उत्साह और उमंग का ट्रेवल गाइड में उल्लेख किया गया है। उन्होंने ट्रेवल गाइड में राजस्थान के रंगों से परिपूर्ण पहनावें, विविध खान-पान, कर्णप्रिय लोक संगीत, गौरव शाली इतिहास, विषम भूगोल, समरस सामाजिक जीवन और आत्मीय लोक व्यवहार सहित को अतिथि देवों भव भाव को उल्लेखित किया है। ऐनी ने पिछले पचास वर्षों में अपनी यात्रा के दौरान समूचे राजस्थान का भ्रमण किया है। उन्होंने यहां के पर्यटक स्थलों तथा आंतरिक स्थानों जैसे गांव ढाणीयों को बहुत नजदीक से देखा और अनुभव किया है। जिसका उन्होंने उक्त ट्रेवल गाइड में उल्लेख किया है और उसे छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्षित किया है। उन्होंने किताब में जयपुर के कानोता म्यूजियम, जयगढ़, आमेर, जंतर मंतर, हवा महल, सिटी पैलेस विशेष उल्लेख किया।

ऐनी सोरेल ने अपनी किताब के बारे में बताया कि मैंने किताब में राजस्थान को अपनी दृष्टि से वर्णित किया है, मैंने जयपुर को जैसे देखा और जैसे देखना चाहती हूँ उस भाव को उल्लेखित किया है। उन्होंने बताया कि मैंने जयपुर में कानोता म्यूजियम, जयगढ़, आमेर, जंतर मंतर, हवा महल, सिटी पैलेस और सभी पर्यटन स्थलों के साथ बहुत से विषयों को गहराई से देखा हैं जिनका किताब में उल्लेख किया है। ऐनी सोरेल ने बताया कि मैं जब राजस्थान को देखती हूँ तो जल्दी में नहीं होती हू, मैं राजस्थान को गहराई से देखने में अपना समय लगाती हूँ। मैं राजस्थान की आत्मा को अनुभव करती हूँ। मैं यहां की कला संस्कृति को जानने को उत्सुक रहती हूँ। मैं यहां के अनूठे उल्लास और भाव प्रधान लोकसंगीत में खो जाती हूँ। मैं लंगा कलाकारों की गायकी और सारंगी वादन को सुनना बहुत पसंद करती हूँ। मैं राजस्थान के लोक संगीत के साथ शास्त्रीय संगीत को भी पसंद करती हूँ। मैंने लंगा, मांगनियार कलाकारों को सुनते हुए राजस्थान को अनुभव किया है। ऐसा करते समय मैं किसी तरह की जल्दी में नहीं होती हूँ। मैं अपना पूरा समय देती हूँ। मैंने इन सब का भी इस किताब में उल्लेख किया है। मैं केवल पर्यटक नहीं हूँ, मैं राजस्थान का आत्मिक अनुभव हूँ।

बच्चों से सीखें तनाव मुक्त रहना

जब भी आप तनावग्रस्त हो, कोई चीज पसंद या नापसंद हो, तो बिना संकोच के अपनी बात दूसरों के समक्ष सही ढंग से रखें।

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जब भी आप तनावग्रस्त स्थिति में हों, चिल्लाइए...... मैंने यह बात अपनी पौत्री गायत्री से सीखी, जो एक बार अपना जन्मदिन मनाने मेरे यहां आई हुई थी। वास्तव में हमने उसका जन्मदिन मनायाए परंतु मैं नहीं सोचता कि वह महसूस कर पा रही थी कि इस सारे आयोजन में क्या हो रहा था। मैंने ध्यान से देखा वह नब्बे प्रतिशत खुश थी और दस प्रतिशत तनावग्रस्त। जब कभी भी वह दादी या नानी को पसंद नहीं करती, वह दादा या नाना के पास जाने की जिद करती और उसे यह दुख भी नहीं होता था कि ऐसा करके वह दादी या नानी को दुखी कर रही है। ऐसा कर वह तुरंत खुश हो जाती। वह अपनी रुचि सिर्फ अपने खेलने में और जो वह चाहती थी उसमें रखती थी। यदि उसे जो चाहिए वह नहीं मिलता, तो वह चिल्लाना शुरू कर देती और तब तक चिल्लाती रहती, जब तक उसे वह चीज मिल नहीं जाती। वह हमारे साथ लगभग एक महीना रही। इस दौरान मैंने देखा वह तीन चीजें करती थी।

1 हंसना, खेलना और वह करना, जो उसे उस समय अच्छा लगे।
2 वही खाना और पीना, जो वह पसंद करती थी। वह इस बात की परवाह नहीं करती थी कि वह वस्तु उसकी जिद के कारण बेकार हो गई है।

3 वह सोती और कुछ घंटों बाद उठ जाती और खेलना, मुस्कुराना और हंसना शुरू कर देती। यहां कोई लोकाचार नहीं था। वह सिर्फ उसी में रुचि रखती थी, जो वह उस क्षण चाहती थी। गायत्री जो करती थी, मैं पूर्णरूप से उससे सहमत नहीं हूं, परंतु कोई भी चिल्लाना सीख सकता है, जब कुछ पसंद न हो या बहुत अधिक पसंद हो। इसके विपरीत हम क्रोध में जलते हैं और परिणाम बाद में भुगतते हैं। क्योंकि हम स्वार्थी, अशिष्ट या अशिक्षित दिखाई नहीं देना चाहते। क्या यह अच्छा नहीं होगा कि हम जो चाहते हैं गायत्री को तरह नहीं, परंतु अपनी बात को सही ढंग से व्यक्त करें। **पीपी**

तेजस्विनी का जर्मनी के गोटिंगैन विश्वविद्यालय में फोरेस्ट एण्ड इकोलोजी पर शोध हेतु चयन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। श्री गंगानगर की मूल निवासी व हाल जयपुर निवासी तेजस्विनी जाझपरा प्रजापत का गोटिंगैन विश्वविद्यालय जर्मनी में 3 साल के शोध प्रोजेक्ट हेतु चयन हुआ हैं। तेजस्विनी ने जयपुर के कॉर्नोडिया बालिका महाविद्यालय से बीएससी बॉयोलाजी व एमएससी एनवायरमेन्ट साइंस बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। गोटिंगैन विश्वविद्यालय में चयन से पहले तेजस्विनी ने एक वर्ष तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान की एजेन्सी इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेन्सिगं, देहरादून में जूनियर रिसर्च फेलो व इससे पहले 6 माह तक काजरी जोधपुर में जूनियर रिसर्च फेलो के रूप में प्रोजेक्ट पर शानदार कार्य किया है। वह राजस्थान प्रदुषण नियंत्रंण मंडल में भी अपने सेवाएं दे चुकी है। श्री गंगानगर के मूल निवासी तेजस्विनी के पिता मोतीलाल वर्मा, राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र के विश्व संवाद केन्द्र, जयपुर के प्रथम प्रमुख, देश की सबसे बड़ी जागरण पत्रिका पाथेय कण के सह संपादक, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् श्री गंगानगर के नगर मंत्री, जिला प्रमुख, विभाग प्रमुख व प्रदेश कार्यकारिणी में रह चुके है व पर्यटन, कला संस्कृति, स्वास्थ्य एवं आर्थिक सामाजिक विषयों पर लेखन करते हैं व वर्तमान में नगर निगम जयपुर हेरिटेज में संयुक्त निदेशकए जन सम्पर्क के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि तेजस्विनी बाल्यकाल से ही बहुमूल्यी प्रतिभा की धनी रही है। तेजस्विनी को रिवलिस्टा, फ्रेस्को, माडर्न, पेन्सिल स्केच, पेन्टिगं, आर्किटेक्चर का शौक है व अनेक राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय सम्मेलनों व कार्यशालाओं और प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी है। वर्मा ने बताया कि तेजस्विनी को गोटिंगैन विश्वविद्यालय की ओर से जेना विश्वविद्यालय में 5 दिवसीय अन्तराष्ट्रीय समर स्कूल कान्फ्रेस में भाग लेने का अवसर मिला है व उसकी क्षमताओं से प्रभावित होकर विश्वविद्यालय ने उसे फिलनैलेण्ड में एक ओर अर्न्तराष्ट्रीय सम्मेलन में भेजने के लिये सहमति दी है। उन्होंने बताया कि 3 साल के शोध के दौरान तेजस्विनी इण्डोनेशिया में कई बार फील्ड ट्रिप करेगी व इोन टेक्नोलॉजी से वहां स्थापित टावर के माध्यम से इण्डोनेशिया के फोरेस्ट व इकोलॉजी का अध्ययन करेगी।

समर्पण संस्था का 9वां राष्ट्रीय स्तरीय समर्पण समाज गौरव अवार्ड समारोह 10 नवम्बर को

देशभर से चयनित 54 विभुतियों को 15 श्रेणियों में 'समर्पण समाज गौरव 2024' अवार्ड से नवाजा जायेगा।

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मानवता व परोपकार के लिए समर्पित राजस्थान की अग्रणी समर्पण संस्था द्वारा रविवार, 10 नवम्बर को 9 वॉं राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव 2024 अवार्ड समारोह आयोजित किया जायेगा। यह समारोह त्रिवेणी नगर गोपालपुरा बाइपास स्थित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के न्यु ऑडिटोरियम में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक होगा।

संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम मान्या ने समारोह की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अवार्ड समारोह में देशभर से चयनित 54 उत्कृष्ट कार्य करने वाले महान व्यक्तियों को समर्पण समाज गौरव 2024 अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। कुल 15 श्रेणियों में दिये जाने वाले अवार्डस में समाज सेवा के क्षेत्र में 7 को मदर टेरेसा, शिक्षा में 7 को डॉ. राधाकृष्णन, सामाजिक न्याय में 3 को डॉ. बी.आर. आम्बेडकर, चिकित्सा में 3 को डॉ. विधान चन्द्र राय, साहित्य में 4 को मुन्शी प्रेम चन्द, शोध व आविष्कार में 4 को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम खेल में 3 को मेजर ध्यान चन्द, आध्यात्म में 1 को बाबा हरदेव सिंह, पर्यावरण में 5 को सुन्दर लाल बहुगुणा, कला व संस्कृति में 3 को भूपेन हजारिका, महिला सशक्तिकरण में 3 को रानी लक्ष्मी बाई, पत्रकारिता में 5 को कुलदीप नेय्यर, उद्यमी क्षेत्र में 2 को धीरूभाई अंबानी व योग में 3 को महर्षि पतंजलि के नाम से व दान में 1 को भामाशाह समर्पण समाज गौरव 2024 अवार्ड दिया जायेगा। इसके साथ ही 20 विशिष्ट युवा प्रतिभाओं को समर्पण युवा जाग्रति 2024 अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर, मध्यप्रदेश के कुलाधिपति के. एल. बेरवाल होंगे और अध्यक्षता जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के पूर्व कुलपति डॉ. लोकेश शैखावत करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि डॉ. ओम प्रकाश बैरवा, (आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान), डॉ. महेन्द्र सुराणा (रोवविन्दुरा आई ए एस), पद्मश्री जनाब एस. शाकिर अली (मिनियचर पेंटिंग) होंगे।

एएस मेमोरियल विद्यालय में मनाया दीपोत्सव पर्व

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। शांति नगर स्थित ए एस मेमोरियल विद्यालय में दीपोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में रंगोली सजाई गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न कलाकृतियों को रंगोली के माध्यम से विद्यालय प्रांगण को सजाया। इसके साथ ही विद्यालय में रामलीला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान रावण का अभिनय जीवंत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। रामलीला नाटक में विद्यालय की शिक्षिका रेनू पारीक, शिखा दुबे, निशा टांक, प्रतिभा राठौड़ ने अपना पूर्ण सहयोग करते हुए रामलीला नाटक का मंचन कराया। विद्यालय के निदेशक अंकित सिंह और प्रधानाचार्या अवंति सिंह ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को कार्यक्रम के लिए आभार प्रकट करते हुए दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।



आप जो सोचते है, वैसे ही बनते हैं

आप पराजय की तस्वीर सामने रखेंगे तो हार जाएंगे। अगर चरम सफलता की तस्वीर ध्यान में रखेंगे तो आप इसे हासिल कर लेंगे।

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। एक बार मैं सेल्समैनों के एक सम्मेलन में बोल रहा था, जो एक बेहद सफल सेल्स बिजनेस ग्रुपन के लिए काम करते थे। इस लीडर के पिता यूनिवर्सिटी वीसीपुट थे। वे निश्चित रूप से निराश हुए थे जब उनकी पुत्री ने हाईस्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी। पिता की निराशा की वजह से इस महिला में नकारात्मक आत्मछवि विकसित हो गई। वर्षों तक स्वयं को असफल और अयोग्य महसूस करने के बाद उन्हे संभावनापूर्ण चिंतन से परिचित करवाया गया। इसके कुछ समय बाद ही उन्हें एक ऐसे अयोगी प्रोडक्ट का पता चला, जिसकी लोगों को जरूरत थी। उन्हें इस पर भरोसा था। मित्रों ने उन्हें सेल्सपर्सन बनने तथा इस प्रोडक्ट को बेचने के लिए प्रोत्साहित किया। परंतु उन्होंने कहा मैं सैल्सपर्सन नहीं बन सकती। मैं इसके बारे में कुछ नहीं जानती। इसके अलावा मैं ज्यादा स्मार्ट भी नहीं हूं। मैं अपनी स्कूल की पढ़ाई भी पूरी नहीं कर पाई। परंतु इस विचार को हमेशा के लिए छोड़ने से पहले उन्हें ये शब्द याद आए ईश्वर साथ हो तो सब कुछ संभव है। उन्होंने कोशिश करने का फैसला किया। वे सफल हुई। दरअसल, सफलता आपके मस्तिष्क से शुरू होती है और हर व्यक्ति के पास सफल होने या न होने का विकल्प चुनने की स्वतंत्रता होती है। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और स्वयं को बदलने का जज्बा हो तो यह आसान हो जाता है। अतः सफल होने का विकल्प चुनें, नए लक्ष्य निर्धारित करें, विश्वास करें कि आप उन तक पहुंच सकते हैं। अगर आप पराजय की तस्वीर सामने रखेंगे, तो हार जाएंगे। इसके विपरीत अगर चरम सफलता की तस्वीर ध्यान में रखेंगे, तो आप इसे हासिल कर लेंगे क्योंकि आप जो सोचते हैं, वही बनते हैं। **रवि पीएन**

सुविचार

शब्द तो मुफ्त मिलते है, जिस तरह से उपयोग करोंगे, वैसी कीमत चुकानी पड़ती है।

एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने किया तीन दिवसीय यह दिवाली माय भारत वाली कार्यक्रम का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

लाडनूं। जैन विश्वभारती संस्थान में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं द्वारा त्रिदिवसीय दिवसीय यह दिवाली, माय भारत वाली कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान तीन दिनों में विभिन्न अस्पतालों में पहुंच कर मरीजों में आत्मविश्वास बढाने और उनके साथ दीपावली की खुशियों को साझा करने का प्रयास किया गया। इसके अलावा ट्रेफिक पुलिस को सहयोग करते हुए यातायात नियंत्रण एवं यातायात नियमों से लोगों को अवगत करवाने में भी हिस्सेदारी निभाई। स्वयंसेविकाओं ने शहर के मुख्य बाजार में सफाई अभियान भी चलाया तथा आमजन को स्वच्छता के महत्व से परिचित करवाते हुए अपने आसपास में सफाई रखने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही सभी लोगों को माय भारत पोर्टल की उपयोगिता से वाकिफ करवाया गया।

अस्पतालों में जाकर दी अपनी सेवाएं : कार्यक्रम के पहले दिवस में स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न अस्पतालों में जाकर अपनी सेवाएं दी। इस विशेष पहल का उद्देश्य दिवाली के पर्व को मरीजों और उनके परिवारों के साथ साझा करना और उन्हें खुशियों का अहसास कराना था। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस स्वयंसेविका खुशी जोधाए मीनाक्षी भंसाली, स्नेहा बोहरा, राजनन्दिनी, गार्गी, हर्षिता स्वामी और ज्योत्सना ने किया। स्वयंसेविकाओं ने स्थानीय जैन अस्पताल, श्रीराम मंगलम अस्पताल और डॉ बीएस टंडन अस्पताल का दौरा किया। छात्राओं ने लोगों को माय भारत पोर्टल के बारे में भी अवगत करवाए जिसमें समाज सेवा संस्कृतिक धरोहर और एकता का संदेश शामिल है। यह पहल युवाओं को सक्रिय रूप से समाज के उत्थान में शामिल होने के लिए प्रेरित करती है। डॉ बीएस टंडन ने कार्यक्रम को मरीजों का मनोबल बढ़ाने वाला बताया तथा कहा कि इससे मरीजों को यह अहसास होता है कि समाज उनके साथ है। श्रीराम मंगलम अस्पताल के डॉ सुरेंद्र सक्सेना ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे सेवा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहन मिलता है। ऐसे कार्यक्रम त्यौहार के समय करना बहुत महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की प्रभारी डॉ आभा सिंह और इकाई द्वितीय के प्रभारी डॉ बलबीर सिंह चारण के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

ट्रेफिक नियंत्रण व समझाईश में निभाई भूमिका : कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर स्वयंसेविकाओं ने ट्रेफिक पुलिस के साथ मिलकर ट्रेफिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दीवाली के दौरान सड़क पर सुरक्षा सुनिश्चित करना और आम जनता में जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर श्री राष्ट्रीय सेवा योजना की इन स्वयंसेविकाओं ने माय भारत पोर्टल के बारे में जानकारी प्रदान की। एएसआई पर्वत सिंह ने कहा, इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को न केवल ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, बल्कि माय भारत पोर्टल के लाभों के बारे में भी बताया जा रहा है। यह पोर्टल नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाओं तक पहुंच प्रदान करता है। उन्होंने स्वंयसेवकों की मेहनत की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के दौरान कांस्टेबल प्रेमदास और भगवानराम भी उपस्थित रहे। उन्होंने स्वंयसेवकों के प्रयासों का समर्थन करते हुए कहाए युवा वर्ग की यह पहल सबको सड़क सुरक्षा और नागरिक जागरूकता को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करता है।

शहर के मुख्य बाजार में चलाया सफाई अभियान : कार्यक्रम के तीसरे दिवस एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने स्थानीय बाजार में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान, उन्होंने न केवल बाजार की सफाई की, बल्कि लोगों को माय भारत पोर्टल के लाभों और उसके उद्देश्यों से भी अवगत कराया। स्वयंसेविकाओं ने पहली पट्टी बाजार और सदर बाजार की मुख्य सड़कों और गलियों की सफाई की, जिससे आसपास का वातावरण साफसुथरा बना। इसके साथ ही, उन्होंने स्थानीय निवासियों से संवाद करते हुए स्वच्छता के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि एक साफ और स्वस्थ वातावरण कैसे हमारे जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बना सकता है।

जन्मदिन कच्ची बस्ती में एक सौ आठ टी शर्ट वितरण कर और यज्ञ में आहुतियां देकर मनाया

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। वैदिक चिंतक निराश्रित जन सेवार्थ ओऽमाश्रय सेवा धाम संस्थापक यशपाल यश के सत्तरवें जन्मदिन पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। यश पाल यशन ने अपने जन्मदिन पर कच्ची बस्ती में एक सौ आठ टी शर्ट वितरण यज्ञ में आहुतियां दे निराश्रित जनों के वर्तन मांझे गौसेवा की शतायु से अधिक से लिया आशीर्वाद कालेज में पाया यशपाल यश ने भव्य सम्मान।

मानव निर्माण एवं विश्व शांति संस्थान सचिव डॉ प्रमोद पाल ने बताया कि यश ने ईश्वर की ध्यान उपासना, गौसेवा शतायु से अधिक ओऽमाश्रय संरक्षक रामकिशोर शर्मा का आशीर्वाद कच्ची बस्ती में एक सौ आठ नयी टी शर्ट वितरण यज्ञ में आहुतियां दे निराश्रित प्रभुजनों को भोजन फल मिठाई वितरण कर सभी के झूठे बर्तन मांझे। कालेज प्रिंसिपल हितेश गौतम ने बताया कि केकर चौराहा के पास अग्रणी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन्स में सेवा को समर्पित यश को रंगोली बना साफा मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दी। यश धन्यवाद देते हुए सभी को समुन्नत जीवन की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार जयदेव शर्मा, मधु यश, वंदना आर्य, ऋचा यश गर्ग भगवान दास गर्ग बाडी वाले दीपांकर डॉ मनमीत सिंह कृष्ण कुमार सोनी नेहा पाटीदार नाव्या प्रणव आदि अनेक जनों ने भाग लिया।

शांति नगर स्थित प्रकाश विद्या निकेतन विद्यालय में मनाया दीपोत्सव पर्व

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। शांति नगर स्थित प्रकाश विद्या निकेतन विद्यालय में दीपोत्सव पर्व के मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक पूनमचंद चौहान और सिद्धार्थ चौहान ने विद्यालय में लक्ष्मी पूजन कर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों और अध्यापकों ने दीपों की रौशनी से विद्यालय को प्रकाशमान किया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की ओर से निदेशक और प्रधानाचार्य ने सभी सदस्यों को मिठाई और उपहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी उल्लासित और खुश थे।

मुरलीपुरा निवासी एडवोकेट धर्मेन्द्र सिंह नोटेरी के रूप में नियुक्त

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुरलीपुरा जयपुर निवासी एडवोकेट धर्मेन्द्र सिंह को नोटेरी अधिनियम 1952 के अधीन नोटेरी के रूप में नियुक्त किया गया और उन्हें नोटेरी के रूप में सम्पूर्ण सेशन कोर्ट बनीपार्क जयपुर में व्यवसाय करने के लिए पांच वर्ष तक अवधि के लिए प्राधिकृत किया गया। इस अवसर पर उनके पिता रामप्रसाद मावर और परिवारजनों एवं मित्रों ने शुभकामनाएं दी। परिष्कार पत्रिका की ओर से रविसिंह किरार ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर एडवोकेट धर्मेन्द्र सिंह ने सभी का आभार प्रकट करते हुए खुशी जाहिर की।

श्रृद्धांजलि

19 वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन

मन, वचन व कर्म से आपने जो दीप प्रज्जवलित किया,
वह सदा हमारा पथ आलोकित करता रहेगा।



महाराज श्री बंशीलाल किरार

जन्म तिथि : 1/1/1919 एवं परलोक गमन 11/11/2005

परिष्कार पत्रिका के मुख्य संरक्षक एवं
अखिल भारतीय वानका समाज आदिवासी महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक एवं गांधीवादी विचारक
महाराज श्री बंशी लाल किरार
की 19वीं पुण्यतिथि पर परिष्कार पत्रिका परिवार की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

-: श्रद्धानवत :-

समस्त किरार परिवार एवं

परिष्कार पत्रिका परिवार

श्रद्धा सुमन

15वीं पुण्य तिथि
:: स्व. रतन लाल मावर ::
पुत्र श्री कजोड़मल मावर
[अवतरण 28 मार्च 1956 - महाप्रयाण 14 नवंबर 2009]

: श्रद्धानवत :
सुनिलकुमार-ज्योतिदेवी, धिजेन्द्रकुमार-सुनिता, प्रशांतकुमार-अनुराधा [पुत्र-पुत्रवधु], सिद्धार्थ, दैवांश, वैभव, [पौत्र],दीया [पौत्री] सीता देवी-श्रवण सिंह किरार [बहिन-बहनोई] एवं मावर परिवार और
परिष्कार पत्रिका परिवार
प्लाट नं. 2, करेरा नगर, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर

प्रवेश प्रारम्भ सभी पाठकों एवं विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं

जगजीवन राम सेवा समिति द्वारा संचालित एवं संस्थापक स्व. नाथूलाल वर्मा द्वारा स्थापित

डॉ. अम्बेडकर सी. सै. विद्यालय

सी.बी.99/78-79 कला एवं वाणिज्य वर्ग रवि संकर वर्मा, प्राचार्य

- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा, कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए विशेष कक्षाओं की सुविधा
- बैठने की उचित व्यवस्था
- कक्षा 6-12 तक के विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम फीस में अनुभवी अध्यापकों द्वारा अध्यापन की व्यवस्था बालकों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान
- विद्यालय में कक्षा 10वी एवं 12वीं के बोर्ड फार्म 27/9/2021 तक भरे जा रहे हैं।
- जो भी विद्यार्थी 10वीं एवं 12वीं में प्रवेश लेना चाहता है वे न्यूनतम फीस में तुरन्त आवेदन कर सकता है
- वानका समाज के विद्यार्थियों के लिए विशेष रियायत

11 फतेह टीबा, आदर्शनगर, जयपुर। फोन नं. 9460124510

Dr. Ambedkar Kids Play School

(An English Medium PG to IInd Class)

Admission Open

Conveyance Facility (Auto)

11, Fateha Tiba, Adarsh, Nagar, Jaipur - 302004

Reg. No. : 243/81 Mob. : 8852009000 9351780937

Sanjay Memorial Sr. Sec. School

17, Janta Nagar, Sodala, JAIPUR - 302006

प्रवेश प्रारम्भ

PLAY GROUP TO 12TH
HINDI/ENGLISH MEDIUM

No Admission Fee

RTE सी 25% आरक्षित

9वीं से 12वीं तक स्कूल कोचिंग सुविधा

11वीं एवं 12वीं कला वर्ग के छात्रों के लिए RAS फाउण्डेशन एवं सरकारी परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारी

वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा से ही CA एवं CS फाउण्डेशन की तैयारी

स्कूल की विशेषताएँ

Free Dress for New Admission

- कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी
- बोर्ड कक्षाओं अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तैयारी
- विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम प्रवेश
- विज्ञान, कम्प्यूटर एवं गृह विज्ञान की विशेष प्रयोगशाला
- पिछले 40 वर्षों से सभी बोर्ड कक्षाओं का 100 प्रतिशत परिणाम
- 10वीं कक्षा में 80 प्रतिशत एवं अधिक अंक लाने पर फीस में विशेष छूट
- स्पोर्ट्स विद्यार्थियों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए फीस में विशेष छूट
- सभी कक्षाएँ वातानुकूलित
- सभी नये प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए फ्री युनिफॉर्म

हॉस्टल व वाहन सुविधा

निदेशिका
(सैयद इशरत जबी)

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार